**खबर संक्षेप**

## विष्णुधर के प्रयासों से वापस मिली जमीन

**मैहर।** वरिष्ठ समाजसेवी विष्णुधर उरमलिया के सफल प्रयासों से गरीब कुशवाहा परिवार को जमीन वापस मिली। मैहर हरनामपुर स्थित अशोक कुशवाहा की जमीन जिसे बिचौलियों ने धमा चौकड़ी कर बिना किसी लेन देन के गवाह बनाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री करा ली थी। मामले की गंभीरता को देख गरीब के साथ अन्याय होता देख समाज सेवी विष्णुधर उरमलिया ने क्रेता और विक्रेता सहित तमाम चिन्हित बिचौलियों को एक साथ बैठाकर उक्त रजिस्ट्री को कैंसिल कराने का सराहनीय कार्य करते हुए किसी गरीब परिवार की जमीन बचा ली।

## विधायक ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भोपाल प्रवास से लौटकर अपने सहयोगी व नपा अध्यक्ष पति संतोष सोनी के साथ मैहर देवी जी धाम मेला परिसर पहुंचे और चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने नगर पालिका अधिकारी सीएमओ लालजी ताम्रकार से नगर के विकास के संबंध में चर्चा की और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर वीरू पाजी, छोटू मैनी, सतीश अग्रवाल, सहित वार्ड नम्बर एक के रहवासी भी उपस्थित रहे।

## नवीन भारतीय कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण कराए जाने का आग्रह

**सतना।** अल्प प्रवास पर सतना पहुंचे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला से जिले के लोक अभियोजक शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा (जी पी)ने स्थानीय विश्राम गृह में सौजन्य भेंट कर नवीन भारतीय कानूनों के संबंध में प्रदेश भर के जीपी एजीपी का आवश्यक प्रशिक्षण कराए जाने का आग्रह किया,जिस पर श्री शुक्ला ने न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर के सचिव से चलित दूरभाष पर चर्चा कर न्यायाधिपति विवेक अग्रवाल से समन्वय कर शीघ्र ही यथा संभव ऑनलाइन प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए है। यहां उल्लेखनीय है जीपी रमेश मिश्रा ने प्रमुख सचिव विधि एवं विधाई कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन को भी पत्र लेख कर प्रशिक्षण कराए जाने का आग्रह किया है।

## घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बरगवां में एक ई रिक्शा पलटने से चालक घायल हो गया जिसकी मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि माधव नगर निवासी अनमोल पिता चंदू कुशवाहा (20) ई रिक्शा चलाता था। सोमवार रात को वह शहर से अपने घर माधव नगर लौट रहा था। तभी एक गाय को बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए अनमोल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

## लापता बालकों को मुंबई से किया दस्तयाब

**कटनी।** लापता हुए तीन बालकों को कुठला पुलिस ने मुंबई से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी अनुसार बालकों के अचानक लापता हो जाने के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की। कुठला पुलिस ने कटनी से लापता हुए तीनों बालकों को मुंबई से दस्ते आप कर उनके परिवार जनों को सौंप दिया है।

# एटीएम से कार्ड चोरी कर पैसा ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

सतना

कोलगवां कोतवाली पुलिस ने एटीएम से कार्ड चोरी करके पैसा ठगी करने वाले अंतर राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपए नगद, ठगी की राशि से खरीदा गया लैपटाप (कीमती 44,500 रुपये) एवं घटना के समय चेहरे पर बांधा हुआ भगवा रंग का गमछा जप्त किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 451,380,511,427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी एटीएम में गार्ड की नौकरी करता था। वह इस मामले में एक्सपर्ट हो गया था। आरोपी पूर्व में भी घटनाओं को अंजाम दे चुका है उसे उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बताते हैं कि वह पुरानी मशीन में ही ठगी कर पता था। लिहाजा वह ग्राहकों को पुरानी मशीन से पैसे निकालने के लिए कहता था।



### कैसे करता था ठगी

पुलिस सूत्रों को मुताबिक आरोपी वाराणसी मे एटीएम गार्ड की नौकरी करता था। जो मशीन मे पैसा डालते समय एवं खराब होने पर मशीन को खोलते समय मौजूद रहता था। इसलिये मशीन की अच्छी जानकारी हो गई थी। जो वाराणसी से सतना आकर अपनी एक्टिवा स्कूटी क्रमांक यूपी 65ईजे0262 से सतना आकर ठगी करने के उद्देश्य से ऑरिजनल नंबर हटाकर फर्जी नंबर यूपी65ई0264 लेख करवा दिया था। उसी स्कूटी से मैं ए.टी.एम. बूथों के पास घूम फिरकर बूथ टारगेट किया और मौका पाकर बढैया चौराहा में रंजन मेडिकल स्टोर के बगल वाली ए.टी.एम. मशीन एवं नवरंग पार्क के पास लगी एसबीआई की ए.टी.एम. को खोलकर मशीन के कार्ड रीडर के स्क्रू खोलकर कार्डरीडर को स्लाट से हटा दिया था। जिससे ग्राहक जब ए.टी.एम. में पैसा निकालने आते थे तो उनका ए.टी.एम. कार्ड स्लाट के अंदर मशीन में गिर जाता था और ग्राहक परेशान हो जाता था। उसी समय आरोपी पीछे खडा रहता था जो एटीएम पिन जान लेता था और ग्राहक के जाने पर मशीन से निकालकर दूसरे बूथ से पैसा निकाल लेता था। जब ग्राहक होटल एस एस ग्रैंड के सामने हिताची कंपनी की नई मशीन में जाने लगे तो मशीन के कार्ड रीडर में फेविक्विक डालकर कार्ड रीडर खराब कर दिया। जिससे कि ग्राहक अन्य एटीएम (पुरानी मशीन) में तो वह अपनी ठगी का शिकार कर सके।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस सूत्रों ने बतायाकी फरियादी सोनू यादव पिता कामता प्रसाद यादव उम्र 37 वर्ष निवासी बिरला रोड कोलगंवा थाना कोलगंवा जिला सतना व्दारा रिपोर्ट की गई कि एक नीले रंग की स्कूटी का चालक चेहरे में लाल गमछा बांधकर पैसा चोरी की नियत से बूथ में घुसकर पैसा चोरी करने का प्रयास करता है,असफल रहने पर मशीन के कार्ड रीडर में फैवीक्विक डालकर जाम (खराब) कर देता है जो 02 बार मशीन खराब कर चुका है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर पुलिसअधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान सतना एवं निरीक्षक सुदीप कुमार सोनी व्दारा टीम गठित कर तलास कराई गई गठित टीम व्दारा घटनास्थल के आसपास एवं मुख्य चौराहों के फुटेज देखे गये जो ज्ञात हुआ कि स्कूटी नंबर से आरोपी घटनाओं को अंजाम दे रहा है जिसकी रजस्ट्रेशन डिटेल अन्य वाहन की हाने से पता चला कि आरोपी फर्जी नंबर डालकर शहर मे घूम फिरकर घटनाओं को अंजाम दे रहा है। स्कूटी नंबर के पिछले दिनों के मूवमेन्ट के आधार पर संबंधित क्षेत्रों के मुखबिरों को सक्रिय कर आरोपी को स्कूटी सहित अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो टाल मटोल कर पुलिस को गुमराह करता रहा बाद आईसीजेएस पोर्टल से आरोपी का आपराधिक रिकार्ड चेक किया गया तो जानकारी हुई कि आरोपी पूर्व में वाराणसी जिले में भी इसी तरह की 04 घटनाओं को अंजाम दिया है और जेल जा चुका है तब कडाई से पूछताछ करे पर स्वीकार कोलगंवा थाना क्षेत्र की 04 घटनाओं को अंजाम देते हुए 90,000 रुपये की ठगी करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम विशाल खन्ना पिता विद्याप्रकाश खन्ना उम्र 38 वर्ष निवासी सुदामापुर,किरहिया थाना भेलूपुर जिला वाराणसी उ.प्र. हाल किराये का मकान शास्त्री चौक थाना सिटी कोतवाली जिला सतना है। इस कार्यवाही में निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां,उप निरीक्षक एपी मिश्रा,सउनि उमेश कुमार पाण्डेय,सउनि अम्बरीश व्दिवेदी,प्र.आर.अंकित,आर.रिंकू जाटव,आर.कृष्णंरजन सिंह,आर.राहुल कुमार साहू एवं साइबर टीम निरी.विजय सिंह,उप निरी.अजीत सिंह,स.उ.नि. दीपेश कुमार पटेल तथा आईटीएमएस टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

**आए दिन बियर बार में होते है झगड़ें, अशांति का क्षेत्र बन गया बियर बार**

# बियर बार में हो रहे झगड़ों से दुकानदार परेशान

**मैहर।** मैहर एक धार्मिक नगरी है जहां पर आज कई वर्षो से शहर में खुली शराब की दुकानों को हटाने के लिए स्थानीय शासकीय अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने जिला कलेक्टर से लेकर कमिश्नर तक से मांग की गई मगर आज तक इन दुकानों को हटाया नहीं गया। इसी तरह जब इस धार्मिक नगरी में बियर बार का लाइसेंस नहीं दिया जाना चाहिए किंतु मैहर के हाइवे रोड में बने पुल के नीचे एवं मां काली मंदिर के बगल में खुली होटल रेस्टोंरेट एंड बार के कारण यह क्षेत्र अशांति क्षेत्र बन गया है क्यों कि इस बियर बार में आए दिन लोगों के झगड़ें फसाद किए जाते है जिसके कारण आस पास के दुकान दारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बीती रात भी होटल के मैनेजर एवं कर्मचारियों के द्वारा एक ग्राहक से मारपीट की गई थी। वैसे ही आज लगभग सवा तीन बजे बियर बार में शराब पीने वाले तीन लोगों के साथ बार एवं कर्मचारियों के द्वारा मारपीट की गई। इस ड्रामें के कारण इस क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि तीन लोग बियर बार में बैठकर शराब पी रहे थे उसी समय एक ग्राहक को हल्की सी उल्टी हो गई जिसकों लेकर पीने वाले एवं कर्मचारियों के साथ झड़प हो गई क्यों कि शराब पीने वाले कह रहे थे इसे साफ करवा दो जो चार्ज लगेगा हम दे देंगे और बिल मांगा गया तो जितने की शराब पी थी उससे कहीं ज्यादा का बिल दिया गया जिस पर ज्यादा रेट मांगने का विरोध किया गया तो कर्मचारियों ने मिलकर शराब पीने वाले तीनों लोगों के साथ जमकर मारपीट की गई। बताया जाता है कि बियर बार में ज्यादा रेट मांगना वहीं सस्ती शराब पिलाकर मंहगी शराब के रेट वसूले जाते है जिससे आए दिन बियर बार में झगडें होते रहते है। दुकानदारों के द्वारा बताया जाता है कि यहां पर आए दिन ऐसी घटनाएं होनी आम बात हो गई है जिससे हम दुकानदारों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। बियर-बार के सामने बड़े बड़ें अक्षरों में बार का बोर्ड लगा रखा है जिस बोर्ड को नगर पालिका के द्वारा हटा दिया गया था मगर फिर से बियर बार का बोर्ड लगा रखा है क्या इस एडवरटाईजिंग का टैक्स नगर पालिका के द्वारा लिया जाता है कि नहीं जब कि अभी कुछ दिनो पहले ही बियर बार में फायर सेफ्टी की चेंकिग नगर पालिका के द्वारा की गई थी क्या उस समय इस बोर्ड को किन कारणों से नजर अंदाज कर दिया गया यह तो नगर पालिका ही जाने। बियर बार आने जाने वाले लोगों को कहना है कि यह बियर बार निचले तल घर में बना हुआ है अगर कभी कोई घटना होगी तो क्या बियर बार में बैठकर पीने वाले नशे की हालत में सीढ़ी चढ़कर भाग सकते है फिर भी लाइसेंस दे दिया गया। इस क्षेत्र के दुकानदारों ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी विभाग से मांग की है इस बियर बार का निरीक्षण कर यहां हटाया जाए नहीं तो इस अशांति भरे क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।





# कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ,निकाली रैली

**मैहर।** अंतराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। आज मैहर जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिह, एसडीएम अमरपाटन आरती यादव,एसडीएम रामनगर डॉ.आरती सिह,डीपीओ राजेंद्र बांगरे,सीईओ प्रति पाल बागरी,सीएमओ अमरपाटन सुषमा मिश्रा,एलडीएम गौतम शर्मा,पीआईयू मन्दाकनी गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।इसी तरह मैहर जिले में नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर कोतवाली थाने से निकाली गई रैली गई।इस अवसरपर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल एवं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया।अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर मैहर पुलिस द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणाम के विषय पर जागरूकता दिखाई गई जिसको लेकर सेंट्रल एकेडमी स्कूल पहुंचकर स्कूल में लोगों को जागृत करने हेतु बच्चों माध्यम निबंध हुआ। नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर ड्राइंग बनाई गई जिस पर उन्हें पुरस्कृत किया गया एवं मैहर पुलिस द्वारा नशे से दूर रहने हेतु बताया गया ।

## लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए सांसद ने बनाया मार्गदर्शक मंडल

**सतना।** लोकसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए सतना एवं मैहर जिले में मार्गदर्शक मण्डल नियुक्ति किये गये हैं। सांसद गणेश सिंह ने सतना लोकसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास तथा विभिन्न क्षेत्रों में सतना एवं मैहर जिले को आगे बढ़ाने हेतु सतना सांसद को सलाह एवं सुझाव देने हेतु कुछ महत्वपूर्ण उन लोगो की जो अलग-अलग क्षेत्रों में जिनका गहरा अनुभव है उनमें से एक मार्गदर्शक मण्डल का गठन किया है। जिनमें सतीश शर्मा अध्यक्ष भाजपा जिला सतना,कमलेश सुहाने अध्यक्ष भाजपा जिला मैहर,नागेन्द्र सिंह विधायक नागौद,श्रीमती प्रतिमा बागरी मंत्री विधायक रैगांव,सुरेन्द्र सिंह गहरवार विधायक चित्रकूट,विक्रम सिंह विधायक रामपुर बाघेलान,श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर,श्रीकृष्ण महेश्वरी वरिष्ठ समाजसेवी सतना, रामदास मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सतना,प्रभाकर सिंह पूर्व विधायक रामपुर बाघेलान,यादवेन्द्र सिंह पूर्व विधायक नागौद,रामखेलावन पटेल पूर्व विधायक अमरपाटन,श्रीमती ऊषा चौधरी पूर्व विधायक रैगांव, राजाराम त्रिपाठी पूर्व महापौर सतना,रामकृपाल पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता मैहर,अभय महाजन संगठन सचिव डी.आर.आई. चित्रकूट,उत्तम बनर्जी प्रांत कार्यवाह,आर्किटेक्ट,पवन कुमार अहलूवालिया उद्योगपति, अखण्ड प्रताप सिंह वरिष्ठ समाजसेवी सतना,मोतीलाल गोयल वरिष्ठ समाजसेवी,डॉ.व्हीके जैन डायरेक्टर सदगुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट,अनंत सोनी चेयरमैन ए.के.एस.यूनिवर्सिटी सतना,डॉ.हर्षवर्धन श्रीवास्तव प्रोफेसर सतना,फूल सिंह टेकाम समाजसेवी,सुधाकर चतुर्वेदी पूर्व अध्यक्ष नगर निगम सतना,विवेक अग्रवाल अध्यक्ष सतना चेम्बर ऑफ कामर्स इंडस्ट्रीज सोसायटी सतना,सतीश सुखेजा अध्यक्ष विन्ध्य चेम्बर आफ कामर्स सतना,सुधीर सिंह तोमर पूर्व अध्यक्ष नगर निगम सतना,रविन्द्र सिंह सेठी वरिष्ठ समाजसेवी,संजय महेश्वरी डायरेक्टर बिरला हॉस्पिटल सतना,व अशोक शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार सतना है।

# घटिया गेहूं का भंडारण कर गरीबों में बांटने की तैयारी में लगी समिति

**खाद्यान्न घोटाले को लेकर कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगाः उरमलिया**

**मैहर।** शारदा विपणन सहकारी समिति मैहर द्वारा खरीदे गए गेहूं को अमानक स्थिति में वेदिका वेयरहाउस भेड़ा में रखे जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें 75 फ़ीसदी विजातीय तत्व पाए गए है। अब सवाल उठता है कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त गेहूं को वर्तमान में छानबीन किए जाने की कार्यवाही चल रही है और बाद में इसे गरीबों में वितरित किया जाएगा। प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी इस पर संजीदगी से कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस संबंध में उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामनिवास उरमलिया ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस बुलाई और पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित समिति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। श्री उरमालिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि शारदा विपणन सहकारी समिति मैहर के द्वारा किसानों से मैहर में गेहूं की खरीदी की गई जिसे ले जाकर भेड़ा स्थित देविका वेयरहाउस में रखा गया। जिसमें 9 ट्रकों से लोड सड़ा गला गेहूं पाया गया जिसका वजन 1750 क्विंटल था और इसकी अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपए होती है। श्री उरमलिया ने बताया कि विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे भी लेकिन कार्रवाई क्या उसे आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक भी नही किया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित गोदाम में उसे सड़े गले गेहूं की छानबीन की जा रही है उसको उपयोगी बनाने का काम किया जा रहा है जबकि सत्यता यह है कि वह गेहूं पूरी तरह से पोइजन युक्त हो चुका है जो खाने योग्य नहीं है। फिर भी ताज्जुब का विषय है कि संबंधित अधिकारी उक्त समिति को किस तरह अभयदान दे रहे हैं और भविष्य में यह गेहूं गरीबों में बांटा जाएगा।श्री उरमालिया ने कहा कि शारदा विपणन समिति के अध्यक्ष जनार्दन शुक्ला इस काले कारनामे में पूरी तरह से दोषी हैं साथ ही खाद्य विभाग की भी इस मामले में मूक स्वीकृति प्राप्त है। इसकी विधिवत तहकीकात की जानी आवश्यक है। लगातार एक ही व्यक्ति द्वारा इसका लगभग 6 से 7 दशक से संचालन किया जा रहा है और सत्ता पक्ष से जुड़कर एक ही व्यक्ति लगातार फायदा उठा रहा है। साथ ही इसकी कार्यप्रणाली में लगातार चालबाजी जालसाजी एवं भटकाव की स्थिति निर्मित होती है। लगातार संदिग्ध परिस्थितियों में रहने वाले कथित व्यक्ति के ऊपर इस काले कारनामे की एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और इसे दंडात्मक कार्यवाही की जाना चाहिए।



# वैश्य समाज के कई लोग सम्मानित किए गए

**सतना।** वैश्य महा सम्मेलन मप्र प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन सतना नगर के वैश्य युवा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। स्केटिंग प्रतियोगिता में गिनीज बुक रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले सचिन गुप्ता पिता विनोद गुप्ता व माता का नाम सुशील गुप्ता निवासी कृष्णा नगर व डॉक्टर अयाचित केसरवानी पिता रामेश्वर केसरवानी व माता का नाम आशा गुप्ता जो की पन्ना जिला के है जो मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल सतना में सेवाएं दे रहे हैं। सम्मान करने वालों को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट दिए गए। इस मौके पर वैश्य महासम्मेलन हरिओम गुप्ता प्रदेश महामंत्री,प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता,जिला प्रभारी लखन केसरवानी,जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता,जिला महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता एडवोकेट,नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल टिंकू,नगर प्रभारी अभिषेक जैन,जिला युवा प्रभारी अमित सोनी,त्रिलोकी नाथ केसरवानी,रामचरण गुप्ता,विजय केसरवानी,सुशीला गुप्ता,विनोद गुप्ता,के वी गुप्ता,जगदीश गुप्ता,विजय गुप्ता मीडिया प्रभारी एवं सभी सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



# आमातारा में सरपंच ससुर से ग्रामीण परेशान, उपयंत्री बने सरपंच ससुर के सहयोगी

**मैहर।** मामला ग्राम आमातारा का है जहां महिला सरपंच होने के बाद सरपंची ससुर चलाते हैं। परेशान ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में विकास के नाम पर सरकारी फंड से नाली का निर्माण हुआ जिसे पंचायत के उपयंत्री ने भी पास कर दिया किंतु घटिया नाली निर्माण से ग्रामीणें को परेशानी हो रही है। ग्रामीण ने सरपंच ससुर पर आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी पंच है और वो समय समय पर पंचायत में हुए घटिया कार्यों के खिलाफ बोलते है जिस कारण सरपंच ससुर रंजिशन मेरे घर के पास नाला खुदवा दिया है जिसकी शिकायत पीड़ति ग्रामीण ने सीएम हेल्पलाइन में की है।बरसात के समय सरपंच ससुर की तानाशाही की भेंट ग्रामीण का कच्चा मकान चढ़ सकता है जिस कारण ग्रामीण ने वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से हस्ताक्षेप करने कि मांग की है।

### खबर संक्षेप

## जन्म-मृत्यु पंजीयन के पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण 4 जुलाई को

**पन्ना।** आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय एवं जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जन्म-मृत्यु ऑनलाइन पंजीयन से संबंधित पोर्टल के बारे में आगामी 4 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय अर्द्धदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में निदेशालय के अधिकारी इकाईयों द्वारा पंजीयन के कार्य को सरलता एवं सुगमतापूर्वक करने की प्रक्रिया और पंजीयन कार्य के दौरान तकनीकी कठिनाईयों के निवारण के संबंध में आवश्यक जानकारी देंगे। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु सुरेश कुमार द्वारा सर्वसंबंधितों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से स्वयं एवं अधीनस्थ शाखा प्रभारी/डाटा एंट्री ऑपरेटर के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर समस्त निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने तथा निरंतर मॉनीटरिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विभागवार वृहद निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी लेकर पूर्ण हो चुके एवं आगामी दिनों में पूर्णता वाले निर्माण कार्यों का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण कराने के लिए कहा। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अवरोध की स्थिति में अविलंब अवगत कराने तथा एजेंसी को निर्धारित शर्त अनुसार कार्य पूर्ण कराने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पवई के करही रोड स्थित जय श्रीराम मेडिकल में होगा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पवई।** आगामी 27 जून को उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन इकाई पवई एवं जीडी मेमोरियल हॉस्पिटल कटनी के तत्वाधान में पवई विधायक प्रहलाद लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं सुधीर अग्रवाल,बसंत दहायत नगर परिषद अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में शिशु एवं महिला रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसको लेकर बुधवार को श्री राम मेडिकल स्टोर करही रोड में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तहसील अध्यक्ष मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन अजीत कुमार जैन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शिविर में कटनी के जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक चौदहा,डॉ अनमोल चौदहा एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ राशि मूलचंदानी के द्वारा सुबह 10 बजे से 2रू00 बजे तक रोगों का निशुल्क निदान किया जाएगा। इस शिविर के आयोजन से क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। इस अवसर पर श्रीमती मीना सोनी तहसील प्रभारी महिला मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, बृजेश कुमार विश्वकर्मा फार्मासिस्ट एवं आरती विश्वकर्मा फार्मासिस्ट सहित पत्रकार गड़ मौजूद रहे।

### आरोपियों के कब्जे से एक 12 बोर का अवैध कट्टा, 1 जिन्दा कारतूस, 2 धारदार तलवार, 1 बका एवं 1 लोहे की छड़ जप्त

# डकैती की योजना बनाने वाले 5 आरोपियों को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार





**पन्ना।** थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 05 संदेही व्यक्ति धरमसागर तालाब रिंग राउण्ड रोड के पीछे भटिया जंगल में छिपे बैठे हैं। जो बेनीसागर मोहल्ला सरदार गुरविंदर सिंह उर्फ सोनी कोहली के घर में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा तत्काल मुखबिर सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा उक्त मुखबिर सूचना को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह व अनुविभगीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री एस पी सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में वैधानिक कार्यवाही हेतु एक पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचकर टीम को अलग-अलग 02 दलो में विभाजित करके मुखबिर के बताये अनुसार धरमसागर तालाब रिंग राउण्ड रोड के पीछे भटिया जंगल में घेराबंदी की गई। मौके पर दोनो पुलिस दल के दल प्रभारियों उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय चौकी प्रभारी सिविल लाइन एवं सउनि रामकृष्ण पाण्डेय द्वारा अपने अपने पुलिस दल के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा तो मौके पर 05 व्यक्ति धरमसागर तालाब रिंग राउण्ड रोड के पीछे भटिया जंगल के पास झाड़ियों के पीछे बैठे दिखे, जैसे ही उक्त व्यक्तियों ने पुलिस टीमो अपने पास आते हुये देखा तो मौके से भागने की कोशिस करने लगे। पुलिस टीमो द्वारा घेराबंदी कर मौके से सभी 05 संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से नाम पता पूँछकर उक्त सभी संदेही व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से घटना कारित करने हेतु 01 अवैध कट्टा, 01 जिन्दा कारतूस, 02 धारदार तलवार, 01 बका एवं 01 लोहे की छड़ बरामद हुआ जिसे पुलिस टीम द्वारा मौक से जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर उक्त आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम लोग बेनीसागर मोहल्ला के सरदार गुरविंदर सिंह उर्फ सोनू कोहली के घर में डकैती डालने के उद्देश्य से यहाँ पर एकत्रित हुये थे। गठित पुलिस टीम द्वारा एक बड़ी घटना को घटित होने से पूर्व आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में डकैती की योजना बनाने एवं अवैध शस्त्र लिये पाये जाने पर अपराध क्रमांक 680/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक 12 बोर का अवैध कट्टा, 01 जिन्दा कारतूस, 02 धारदार तलवार, 01 बका एवं 01 लोहे की छड़ जप्त की गई है।

**गिरफ्तार आरोपी** -

1. वजूद सिंह पिता प्रेम सिंह निवासी मुड़रा बादरा थाना पिपरई जिला अशोकनगर म.प्र। 2. भीम सिंह पिता दातार सिंह पारधी निवासी ज्ञानपुरा गुलगाँव साँची रायसेन म.प्र.। 3. राहुल बंजारा पिता केश कुमार बंजारा निवासी घूरपुर इलाहाबाद उ.प्र.।4. विष्णु बंजारा पिता बसंत बंजारा निवासी घूरपुर इलाहाबाद उ.प्र.। 5. दुर्योधन पिता अनूप मेंगिया निवासी ज्ञानपुरा गुलगाँव साँची रायसेन म.प्र.।

**सराहनीय योगदान** –

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, भगवत मिश्रा, प्र.आर. बृषकेतु रावत अशोक कुमार, जयपाल सिंह, नीरज रैकवार, सतेन्द्र बागरी, आर. नीलेश, अभिषेक यादव, बेटालाल एवं सत्यनारायण का सराहनीय योगदान रहा है पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# डीएपी के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद का करें उपयोग

**पन्ना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसान भाईयों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद के उपयोग के संबंध में सूचित किया गया है। बताया गया है कि वर्तमान में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से अधिक हो रहा है, जिससे जमीन की उर्वरा क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। किसानों द्वारा निरंतर अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग किया जा रहा है।

विभाग द्वारा दी गई जानकारी में अवगत कराया गया है कि डीएपी उर्वरक में फास्फोरस तत्व अधिक मात्रा में होने से फास्फोरस एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है और फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं। जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसलिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों द्वारा एनपीके उर्वरक का उपयोग करना अच्छा उपाय है। इससे फसलों का उत्पादन अधिक होने के कारण जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके के उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होने और फसल की आवश्यकतानुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है और जमीन में अतिरिक्त तत्वों का संग्रहण भी नहीं होता। साथ ही फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है। किसान भाईयों द्वारा फसल की उर्वरक पूर्ति के दृष्टिगत डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है।

## भगवान बिरसा मुंडा एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का उठाएं लाभ

**पन्ना।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके तहत भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 1 लाख से 50 लाख रूपए तक का ऋण एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए 50 लाख रूपए तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों के लिए 25 लाख रूपए एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख तक की रोजगारमूलक योजना परियोजनाएं स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि इसके लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### धारा 409, 420, 467, 468, 471, 34 भा.द.वि. के तहत थाना अजयगढ़ में मामला पंजीबद्ध किया गया है

# डॉ. केपी. राजपूत तत्कालीन बीएमओ अजयगढ़ के खिलाफ गबन का मामला दर्ज

**पन्ना।** शासन की राशि फर्जी बिल बाउचर बनाकर अपने भतीजे व सहयोगी सहकर्मी तथा अन्य स्वयं के पहचान के लोगों के खातों में राशि डलवाई गई जिसको लेकर कूटरचित तथा छल कपट के उद्देश्य से धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से राशि को लेकर आरोप लगाये गये है मामला मानव अधिकार आयोग के संज्ञान में आने के बाद यह कार्यवाही चर्चा में आई है।समय कब किस हालात में तय हो जाये शासन की राशि को लेकर शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को मापदण्ड भारी पड़ जाते है यह दास्तां तत्कालीन बीएमओ अजयगढ़ डॉ0 के.पी. राजपूत जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ में थे समय लगभग 2017 अगस्त से 2020 फरवरी तक वहीं कुछ समय बाद डॉ. पवन द्विवेदी बीएूमओ बनाये गये वहीं पवन द्विवेदी का स्वास्थ्य खराब होने तथा असमायिक मृत्यु होने के बाद फिर एक बार नवम्बर में बीएमओ का दायित्व डॉ0 के पी. पी. राजपूत के पास आया कुछ समय बाद शिकायत हुई डॉ0 राहुल यादव को बीएमओ बनाया गया मामला कोरोना काल से जुड़ा हुआ समय को लेकर जहां कुछ कर्मचारियों से काम लेने के बाद उनका मानदेय डालने को लेकर चर्चा में आया। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टीम ने जहां वित्तीय अनियमित्ता को लेकर अपना मत दिया था जिसमें यह बताया गया कि बिना अध्यक्ष की अनुमति के पेमेंट करने को लेकर लापरवाही मानी गई थी। मामला यह शिकायतकर्ता सुरेश यादव जो लगातार डॉ0 के पी. राजपूत को निशाने में लिये था वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर डॉ0 के.पी. राजपूत राजनैतिक माहौल में सुर्खियों में आ गये थे क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय को लेकर राजनीति चर्चा में अचानक राजपूत समाज से जुड़े होने का मामला चल पड़ा था चूंकि अजयगढ़ क्षेत्र में डॉ0 के.पी. राजपूत को लेकर सामाजिक जनाधार कहीं न कहीं इनकी ताकत को लेकर यह कहानी बनती गई। मामला चाहे जो हो विधानसभा चुनाव के बाद डॉ0 के.पी. राजपूत का स्थानान्तरण भी हुआ इसके बाद अब यह मामला 50 लाख के गवन के आरोप में तत्कालीन बीएमओ डॉ0 के.पी. राजपूत का नाम चर्चा में है वहीं इनके साथ बीरेन्द्र अहिरवार तथा दीपक राजपूत व रूचि शर्मा के नाम पर अजयगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। आवेदक सुरेश कुमार यादव ने मानव अधिकार संगठन जिला महामंत्री की शिकायत पर यह एफआईआर सुर्खियों में आ गई। अपराध नि धाराओं के तहत पंजीबद्ध किया गया है इनमें 409, 420, 467, 468, 471, 34 भा.द.वि. के तहत मामला चर्चा में है। गौरतलब बात यह है कि इन धाराओं में जहां फर्जी तरीके से कूटरचित एवं छलकपट धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से स्वयं तथा भतीजे एवं सहकर्मियों के ऊपर इन धाराओं का आरोप सामने आया है। डॉ0 के पी. राजपूत से भी इस संबंध में बात की गई तो आपका कहना है कि कहीं न कहीं यह मामला राजनैतिक द्ववेश के कारण कह सकते है क्योंकि विभागीय स्तर से इस मामले में जांच हुई थी जहां वित्तीय अनियमित्ता न मानते हुये बल्कि अध्यक्ष से न अनुमति लेने के कारण लापरवाही मानी गई थी। अब इस तरह का मामला कहीं न कहीं सत्ता की ताकत के कारण निर्मित हुआ है।

# छत्रसाल महाविद्यालय में केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन संपन्न



**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार के नेतृत्व एवं संरक्षण में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वारा केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन देना व प्लेसमेंट करना है। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक एस. पी. एस. परमार ने अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचाने और अपनी योग्यता का विस्तार करें और इस तरह का आयोजन समय समय पर महाविद्यालय में आयोजित होता रहेगा साथ ही प्राचार्य जी ने महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस होने पर बधाई देने के साथ साथ महाविद्यालय में शुरू होने वाले नये कोर्स और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ने छात्रों को अपने उद्बोधन में महाविद्यालय में संचालित होने वाले नए कोर्स में एडमिशन ले और अपने स्किल को डेवलप करें। जिससे कि आसानी से प्लेसमेंट हो सके। एसबीआई लाइफ के सीनियर ब्रांच मैनेजर ने छात्र-छात्राओं को करियर से जोड़ने हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में स्थित नवीन पद ग्रेजुएट सेल्स ट्रेनी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छात्रों को इस पद पर तो नियुक्ति दी ही जाएगी साथ ही अन्य योग्य छात्रों को पार्ट टाइम जॉब भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक व स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित गतिविधियों का संचालन कराते रहेंगे एवं शीघ्र ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री सिद्धू सिंह ने छात्रों को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय में आयोजित रोजगार से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए पारदर्शिता रखी जाएगी और अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार योजना से लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री सिद्धू सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. शिव गोपाल सिंह, डॉ. सचिन गोयल, धर्मेन्द्र यादव, एसबीआई लाइफ पन्ना ब्रांच से ब्रांच सेल्स मैनेजर प्रफुल्ल प्रशांत जी एवं सीनियर एसोसिएट मुनेंद्र कुमार पाठक जी उपस्थिति रहे।



# दस्तक बाल समूह ने कागज़ के थैले बना का दिया पोलीथिन मुक्त पन्ना का सन्देश

## दस्तक बाल समूह के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन



**पन्ना।** विकास संवाद द्वारा दस्संतक बाल समूह के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पन्ना के संकल्प गार्डन में किया गया। जिसमे दस्तक परियोजना कार्यक्षेत्र 25 गांव के 50 बाल समूह के साथियों कि भागीदारी रही। कार्यशाला शाला में पर्यावरण, शिक्षा, जैव विविधता, साफ़ सफाई एवं स्वच्छता के सन्दर्भ खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकास संवाद समिति पन्ना के जिला समन्वयक रविकांत पाठक द्वारा बताया गया की इस कार्यशाला में बच्चों को पर्यावरण, जैवविविधता, शिक्षा, स्वक्छ्ता, साफ़ सफाई,, बाल विवाह, नेतृत्व एवं बाल अधिकारों से जुडी गतिविधियाँ कराई गिया एवं बच्चों ने द्वारा अपने गाँव के स्कुल का एक अध्यन खेल गतिविधि के दौरान किया जिसमे बच्चों ने बताया की की स्कुल में पानी की व्यवस्था नहीं है अब हम गाँव जा कर व्यवस्था से जुड़े लोगों से चर्चा कर पानी की व्यवस्था करायेंगे। इस प्रकार बिजली, शौचालय, भवन मरम्मत, रशोई घर आधी मुद्दे निकल कर आये। कार्यशाला में खेल के माध्यम से बच्चो को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बालअपराध, बाल शोषण और हिंसा जैसे मुद्दो को लेकर बाल समूह के साथियों से संवाद किया गया। इसके अलावा घर, परिवार एवं समाज में बच्चों को अपनी बात कहने या बोलने का स्थान दिया जाता है की नहीं इसपर बच्चों के साथ सामूहिक गतिविधियों का आयोजन कर स्थिति को समझने क प्रयास किया गया और बच्चों के द्वारा चित्रकारी कर कागज़ के थेले बनाए और पोलीथिन मुक्त पन्ना बनाने का सन्देश दिया इसके अलावा बाल समूह के साथियों के द्वारा बाल विवाह, नियमित टीकाकरण, स्कुल पर नुक्कड़ नाटक तैयार क्र प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला के आयोजन एवं प्रबंधन में छत्रसाल पटेल, रामविशाल, बबली, वैशाली, कमलाकांत, समीर खान युवा साथी, दुर्गेश एवं अरविन्द गौड़ की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# वन अधिकारी नीतेश पटेल की पुस्तक श्यार बटोही चर्चा में, मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत कई कहानियां



**पन्ना।** वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई नीतेश पटेल जो साहित्य को लेकर हिन्दी के क्षेत्र में उत्सुकता के साथ-साथ रूचि वहीं अपने आप में पुस्तकों से ही ज्ञान का दीप प्रवाहित करने के लिये माने जाते है, नीतेश पटेल वन परिक्षेत्राधिकारी के साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी भी कह सकते है आज जिनका नाम हटके सामने है वन सेवा के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में भी नीतेश का नाम सुर्खियां बटोर रहा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल की पुस्तक ''यार बटोही'' इन दिनों चर्चा में है. इस पुस्तक को काफी सराहना मिल रही है. पुस्तक में 14 कहानियां हैं. प्रशासनिक जिम्मेदारियों को निभाने के साथ नीतेश पटेल लेखन कार्य करते हैं. उनका कहना है ष्लेखन से उन्हें सुखद आनंद की अनुभूति होती है। नीतेश पटेल आजकल दक्षिण वन मंडल पन्ना के वन परिक्षेत्र पवई के वन परिक्षेत्र अधिकारी हैं। अकेलेपन से जूझ रहे लोगों को मिलेगा सहारानीतेश पटेल का कहना है समाज में अकेलेपन में जीवन जीने वाले और अपने आपको अकेला व असहाय समझने वाले लोगों के लिए ष्यार बटोहीष नामक पुस्तक का लेखन किया गया है. इस पुस्तक को लोग बड़े ही रोचकता व उत्सुकता के साथ पढ़ रहे हैं. इसमें लिखी कहानियों की सराहना कर रहे हैं। बता दें कि ष्यार बटोही पुस्तक 14 मुसाफिरों की 14 कहानियों का संग्रह है, जिसमें मुसाफिर अपने जीवन में किस प्रकार के अनुभव करता है, उसको दर्शाया गया है।पुस्तक में 14 कहानियां संग्रहित पुस्तक की कहानी समाज में असहाय व एकांकी जीवन जीने वालों के लिए एक प्रेरणा देने वाले अलौकिक साथी व सुखद अनुभव के जैसा महसूस कराती है. यह पुस्तक यात्राओं के बारे में है, जिसमें जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक, मुंबई से लेकर पूर्वोत्तर की वादियों तक, बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक का सफर उल्लेखित किया गया है. इसकी कहानी कई जगहों किरदारों और उनसे जुड़ी भावनाओं के बारे में है. इसमें यात्रा को किसी एक सिरे में न बांधकर कई मायनों में जीवंत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो युवकों से रात में की 4 लोगों ने मारपीट



**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत दो युवकों से रात के समय चार अज्ञात लोगों ने बिना वजह मारपीट कर दी, युवकों ने सिविल लाइन थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दीपू रैकवार निवासी छुई खदान सटई रोड ने बताया कि बीती रात जब वह अपने दोस्त चैनू कुशवाहा के साथ बस्ती में पहाडिय़ा के पास से एक कार्यक्रम से लौट रहा था तभी चार लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी बेल्टों से बेरहमी से मारपीट कर दी। दीपू ने बताया कि मारपीट करने आए लोगों में एक व्यक्ति का नाम नीरज है। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।

### कलेक्टर के निर्देश पर कैम्प लगाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड



**छतरपुर**। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के टीएल बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिले में पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। आयुष्मान कार्ड में प्रत्येक पात्र हितग्राही परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार का लाभ मिलता है। चिन्हिंत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। बुधवार को नगर परिषद बिजावर में आयुष्मान कार्ड बनाने कैम्प का आयोजन किया

---

**कोतवाली पुलिस ने आरोपियों का शहर में जुलूस निकालकर न्यायालय पेश किया**

# निर्वस्त्र कर युवक को पीटने के आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस, भेजा जेल

**छतरपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरोपियों को दबोचने के लिए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने युवक से मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से पुलिस ने एक कट्टा व अन्य धारदार हथियार भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों पर हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आईटी एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट करना स्वीकार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का कोतवाली से जुलूस निकाला फिर उन्हें



न्यायालय में पेश किया।

दरअसल छतरपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के फूलादेवी मार्ग पर पुलिया के नजदीक एक युवक को तीन युवकों ने रोका। उसे कट्टा दिखाकर निर्वस्त्र कर दो युवकों ने पीटा। पूरे घटनाक्रम का एक युवक द्वारा वीडियो बनाया गया। इसके बाद घटनाक्रम का वीडियो वायरल कर दिया गया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर आरोपी देवा ठाकुर, लक्की घोषी व अन्नू घोषी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक कट्टा व अन्य धारदार हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में अन्य लोग भी शामिल होंगे तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

---

## अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस पर ओएसटी केंद्र में हुआ कार्यक्रम



**छतरपुर**। जिला अस्पताल के ओएसटी केंद्र में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर ओएसटी एमओ डॉ शरद चौरसिया ने बताया कि यदि व्यक्ति जीवन में किसी भी प्रकार का नशा करता है तो वह स्वयं तो ख़तरे में है ही साथ ही उसके पूरे परिवार का भविष्य भी अंधेरे में है। बदलते समय के साथ ही नई पीढ़ी तेजी से मादक पदार्थों के सेवन की ओर जा रही है जिससे वह कई अप्रिय घटनाओं का शिकार होते है और कई अपराध भी नशे में ही हो जाते है जिसका पछतावा बाद में होता है। नोडल अधिकारी डॉ राजकुमार अवस्थी ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस पर आपको किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन नही करना है साथ ही स्वंय और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को डॉ राजकुमार अवस्थी द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ब्रजेश चतुर्वेदी, सचिन चौरसिया, जमुना अवस्थी और सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्था के परियोजना प्रबंधक बलवंत सिंह, विपिन सिंह, पायल कुशवाहा, सतीश गोस्वामी, महिला समिति से परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र अहिरवार, ज्योति, कंचन, रजनी मौजूद रहीं।

## भगवान बिरसा मुंडा एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का उठाएं लाभ

**छतरपुर**। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में मिलेगा 1 लाख से 50 लाख तक का ऋण एवं टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख तक का ऋण मिलेगा। अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित निगम द्वारा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए 50 लाख रुपए तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों के लिए 25 लाख रुपए एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख तक की रोजगार मूलक योजना परियोजनाएं स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। विभाग की जिला संयोजक ने बताया कि इसके लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। उक्त योजना के तहत समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जनजातीय कार्य विभाग में सम्पर्क कर सकते हैं।

## परीक्षा के दौरान नकल कराने व छात्र की अतिथि शिक्षक खुद लिख रहे कॉपी, वीडियो वायरल

लवकुशनगर। शासकीय कन्या शाला में 5वीं व 8वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा 3 जून से प्रारम्भ हुई थी जिसमें शासकीय शिक्षकों द्वारा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। अतिथि शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं की कॉपी लिखने का वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो में ड्यूटी के दौरान शिक्षक का गुटखा खाते भी वीडियो वायरल हो रहा है।

शिक्षा के मंदिर में शिक्षक द्वारा गुटखा खाने सहित नकल कराने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना है।



लोगों का कहना है कि वीडियो में साफतौर पर दिख रहा है कि स्कूल के शिक्षक व अतिथि शिक्षक सीधे तौर पर बच्चों की कॉपियां लिखते हुए दिखाई दे रहे हैं। अब देखना यह है कि इन लोगों पर क्या कार्यवाही होती है। या यूं ही शिक्षा के मंदिर को बदनाम किया जाता रहेगा। वहीं मामले को लेकर जब उच्च अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना है कि मामले की जांच करवाते है।

### इनका कहना है-

वीडियो में समझ में आ रहा है की परीक्षा के दौरान विद्यालय में पदस्थ शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक अनियमिताएं करते देखे जा रहे हैं। जांच करवाते और जांच उपरान्त कार्यवाही की जायेगी।

## दस्तक अभियान में बच्चों का हो रहा स्वास्थ्य परीक्षण

**छतरपुर**। म.प्र. शासन के निर्देशानुसार छतरपुर जिले में दस्तक अभियान शुरू हुआ। यह अभियान 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने स्वास्थ्य विभाग को दस्तक अभियान को प्रभावी बनाने के लिये निर्देश दिए हैं। अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के मैदान स्तरीय अमला भी घर-घर जाकर 6 माह से 5 वर्ष उम्र के बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और जरुरत अनुसार उपचार किया जा रहा है। दल बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिये घर-घर जाकर कार्यवाही कर रहे है। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं में स्तनपान संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का घोल पिलाने, समुचित बाल आहार की समझाइस, बच्चों में डि जी ट ल हिमोग्लोबिनोमीटर के माध्यम से एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, बच्चों में दिखाई देनी वाली जन्मजात विकृतियों तथा कुपोषण की पहचान करने, बच्चों का टीकाकरण, दस्त रोग नियंत्रण हेतु ओआरएस पैकेट का वितरण करने, निमोनिया रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज का प्रबंध करने और एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त करने और उनके फॉलोअप करने की कार्यवाही शुरू हुई।



**कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के दिए निर्देश**

## मजिस्ट्रेट चैकिंग में एक सैकड़ा से अधिक वाहनों के चालान काटे

**छतरपुर**। उच्च न्यायालय एवं प्रधान न्यायाधीश के आदेशानुसार यातायात व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर मोबाईल कोर्ट संचालित की गई जिसमें शहर से निकलने वाले वाहनों पर यातायात के नियमों का पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की गई।यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधान न्यायाधीश से मोबाइल कोर्ट लगाने हेतु आग्रह किया गया था जिसके तहत आज मजिस्ट्रेट चैकिंग लगाई गई। चैकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया एवं बड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई एवं उन्हें



समझाइश दी गई कि वे यातायात के नियमों का पालन करें। बुधवार को लगाई गई मजिस्ट्रेट चैकिंग में लगभग एक सैकड़ा वाहनों के चालान काटे गए हैं। वहीं छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष के वाहन में हूटर लगा पाए जाने पर इनके विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही की गई। मोबाइल कोर्ट के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरविंद सिंह गुर्जर, यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत के अलावा न्यायालय का स्टाफ रमेश चन्द्रपाल, दिलीप कुमार जैन, रवि मिश्रा, कुलद्वीप वर्मा, अनिल अहिरवार सहित कोतवाली का पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं न्यायाधीश ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात के नियमों का पालन करें।

## हिंडालको महान ने 250 किसानों को दिये सब्जी बीज किट



किसान हमारे राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्हें नई तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए -डॉ. विवेकानंद मिश्रा

हिंडालको महान द्वारा ग्राम ओड़गड़ी में घरों में सब्जी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा परिवार के पोषण का स्तर बढ़ाने के उद्धेश्य से हिंडालको महान द्वारा उन्नत सब्जी बीज किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही बागवानी को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से ग्राम ओड़गड़ी,बाघाडीह तथा उसके आस पास के किसानों को उन्नत किस्म के सब्जी बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया। जिसमें ओड़गडी,खेखड़ा, बड़ोखर,भलुगढ़,बाघाडीह तथा बरगंवा नगर परिषद के कई वार्ड के कुल 250 से ज्यादा किसानों को जिनके पास सिंचाई की पर्याप्त सुविधा के साथ बाड़ी के लिये पर्याप्त जगह उपलब्ध है, उन्हे सब्जियों के उन्नत किस्म के बीज जैसे बरबटी , बैंगन, करेला, भिंडी,नेनुआ, खीरा, लौकी का उन्नत किस्म बीज का किट वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम ओड़गडी में हिंडालको महान के मानव संसाधन विभाग से विभाग प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ,व मानव संसाधन विभाग से अर्चना ने सब्जियों की उन्नत पैदावार के संबध में जानकारी व किट प्रदान किये ।कार्यक्रम का संचालन करते हुये सी.एस. आर.विभाग से शीतल श्रीवास्तव ने किसानों के लिये सी.एस.आर.विभाग द्वारा संचालित प्रोजेक्ट हरितकुंज द्वारा खेती को लाभ का धंधा बनाने के लक्ष्य को पूरा करने व योजनाओ से अवगत कराया।

---

**आजादी के बाद से आज तक नहीं बन सके पहुंच मार्ग, विधायक ने दिया आश्वासन**

# कुदैल, नएघर और मदारी गांव में रोड के नाम पर चुनाव में मिले सिर्फ वादे

**नौगांव**। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के जनपद अंतर्गत आजादी के 75 साल गुजरने के बाद आज भी ऐसे गांव हैं जो सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से मरहूम हैं, जिसके चलते बारिश के मौसम में नरकीय जीवन जीवन जीने को मजबूर हैं या यूं कहें कि मानसून के चार महीने इन गांव में जाने वाले कच्चे मार्ग दलदली होने के चलते मुख्य शहर से यह एक तरीके से कट जाते हैं जिसके चलते बारिश के मौसम में बीमारी, गर्भवती, स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों आदि को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बीते माह लोकसभा और बीते वर्ष विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए हैं। जिसमें सत्ताधारी दल भाजपा ने लोकसभा में क्लीन स्वीप किया तो विधानसभा चुनाव में एकतरफा चुनाव जीतते हुए 165 से ज्यादा सीटें जीती हैं। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में एक दो चुनाव के परिणाम को छोड़ दें तो ज्यादातर भाजपा का ही कब्जा रहा है, इसके बावजूद महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के बहुत से ऐसे मार्ग हैं जो कई पंचवर्षीय गुजर जाने के बाद आज भी पक्की सड़क का सपना देख रहे हैं। चुनाव के समय नेता आते हैं विकास कराने का वादा करते हैं और चुनाव जीतने के बाद भूल जाते हैं, जिसका नतीजा है कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के सुनाटी गांव के कुदैल, नएघर एवं ग्राम पंचायत सिंदुरखी के मदारी गांव के रहवासी आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा न मिलने से नरकीय जीवन जीने के मजबूर हैं। नौगांव जनपद के ग्राम पंचायत सुनाटी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदैल एवं ग्राम नए घर और ग्राम पंचायत सिंदुरखी का मदारी गांव आजादी के 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों के मुताबिक नेता चुनाव के समय बड़े बड़े वादे करते हैं, और चुनाव जीतने के बाद वादों पर ध्यान नहीं देते हैं। जिसके चलते ग्राम पंचायत सुनाटी का कुदैल एवं नएघर गांव और ग्राम पंचायत सिंदुरखी का मदारी गांव आजादी के 75 वर्षों बाद सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से महरूम है। जिसके चलते बारिश के मौसम में गांव का पहुंच मार्ग कच्चा होने के चलते आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ प्रमुख राजनैतिक दल प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का वादा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सड़क जैसी मूलभूत सुविधा न मिलने से ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीणों का आवागमन बारिश के कारण पूरी तरह ठप्प हो जाता। ऐसा नहीं है कि सत्ताधारी दल भाजपा ने इस ओर ध्यान नहीं बल्कि कांग्रेस की पूर्व की सरकारों ने भी ग्रामीणों की इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते ग्रामीण सड़क निर्माण का आज भी सपना देख रहे हैं। एक तरफ जहां शासन-प्रशासन डिजिटल इंडिया सहित ग्रामीण भारत के विकास की बड़ी-बड़ी डींगे हांकता है, वहीं हकीकत यह है कि आजादी का अमृत काल चलने के बाद भी सुनाटी पंचायत का ग्राम कुदैल एवं नयेघर पक्की सड़क के लिए आज भी तरस रहा है। बरसात के मौसम में जरा सी बारिश से ही गांव का कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिससे ना तो कोई वाहन गांव तक पहुंच पाता है। ग्रामीणों को गांव से गरौली सहित पहुंच मार्ग तक तक पैदल आने में भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक बारिश से ही चार माह के लिए गांव का आवागमन बंद हो जाता है। चाहे कोई बीमार हो, चाहे गर्भवती महिला को अस्पताल



पहुंचाना हो यहां फोर व्हीलर तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। ऐसे में वहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ना तो बच्चे स्कूल जा पाते हैं और न तो वहीं पुरुषों को भी रोजगार आदि कार्य के लिए मजबूरी में कीचड़ भरे मार्ग से परेशान होकर आना पड़ता है। ग्राम पंचायत सिंदुरखी के मदारी गांव में नहीं डल पाया पक्का मार्ग, महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नौगांव जनपद पंचायत के सिंदुरखी पंचायत के मदारी गांव के रहवासियों के आवागमन के लिए आज भी मुख्य मार्ग पक्का नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय हर दल के प्रत्याशी चुनाव बाद रोड बनवाने का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बस रोड बनवाना तो दूर गांव ही नहीं आते हैं, जीतने के बाद गांव में माननीय के दर्शन सीधे पांच साल बाद होते हैं।

### कुदैल के युवाओं ने कहा इस बार रोड नहीं तो मतदान का बहिष्कार करेंगे -

ग्राम पंचायत सुनाटी के कुदैल गांव के युवाओं का कहना हैं कि शासन प्रशासन विकास को लेकर बड़ी बड़ी बातें करती हैं, लेकिन हमारा गांव विकास से कोसों दूर हैं। हमारे गांव में लगभग 120 लोगों की आबादी है, जिसमें लगभग 55-60 वोटर हैं, शासन प्रशासन को हमारी चिंता नहीं है उन्हें सिर्फ हमारे वोट चाहिए। वोट के बदले हमारे गांव का विकास नहीं कराया गया है। सड़क न होने से हम लोगों को बारिश के मौसम में बड़ी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है हम लोग सड़क के लिए कई बार मांग कर चुके लेकिन मांग आज भी अधूरी है।

### नए घर के ग्रामीण बोले हर बार हमें रोड के नाम ठगा जा रहा

ग्राम पंचायत सुनाटी के नयेघर गांव का मार्ग भी पक्का न होने से ग्रामीण परेशान हैं। नयेघर गांव की आबादी 1 हजार के लगभग है जबकि 4 सौ 68 मतदाता यहां निवास करते हैं, गांव से मुख्य मार्ग की दूरी 1 किमी के आसपास है जिसे ग्रामीण पक्का करवाना चाहते हैं। ग्रामीण अजय सिंह का आरोप है कि चुनाव के समय नेता आते हैं और रोड डलवाने का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन रोड नहीं बनती है।गांव के ही ऊदल कहते हैं कि हमें नेताओं द्वारा रोड के नाम पर हर बार छला जाता है। गांव के ही युवा जितेंद्र कहते हैं कि हम लोग मजबूर हैं हर बार रोड के चक्कर में किसी न किसी नेता के चक्कर में आकर वोट डाल देते हैं लेकिन रोड आज तक नहीं मिल सकी है जिसके चलते आज भी कच्चे एवं दलदल भरे मार्ग से जाना पड़ता है।

### इनका कहना है

ग्रामीणों के आवागमन के लिए भैरवगंज से लुगासी तक का मार्ग स्वीकृत हो गया है, शेष अन्य ग्रामीण मार्ग के लिए भी हमने पीडब्ल्यूडी और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग को सर्वे कर सड़क निर्माण करने के लिए पत्र लिखा है। मार्ग स्वीकृति के लिए हम विभाग से बराबर बातचीत कर रहें हैं। जल्दी ही स्वीकृति मिलते ही ग्रामीणों की समस्या को दूर किया जाएगा।

**कामाख्या प्रताप सिंह**
**भाजपा विधायक, महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र**

मार्ग के निर्माण के लिए विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्य शुरू हो सकता है, मार्ग की स्वीकृति के लिए विभाग स्तर पर कार्रवाई जारी है।

**- रामदत्त मिश्रा,**

## खबर संक्षेप

### ओम बिरला को उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दी बधाई



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ओम बिरला को भारत की 18वीं लोकसभा का स्पीकर निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री बिरला का सुदीर्घ संसदीय जीवन एवं लोकतांत्रिक अनुभव भारत की लोकसभा के सहज संचालन में सहायक होगा।

### वेतन आज तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 जून तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी उक्त तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक जुलाई को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

### कलेक्टर करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 28 जून को सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि वितरण, किसान सम्मान निधि, आवासीय भू अधिकार योजना, राजस्व वसूली तथा ऑडिट आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई है। मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी साख एवं कल्याण सहकारी समिति रीवा के संचालक मण्डल के चुनाव के लिए सदस्यता सूची तैयार की जा रही है। इसके लिए सहकारी निरीक्षक विकास माठे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के तहत की गई है। मतदाता सूची के संबंध में उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला को अपीलीय अधिकारी बनाया गया है।

### खाद्य बीज की दुकानों में किया छापा मार करवाई



**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत हनुमना में संचालित खाद बीज की दुकानों को चेक कर लाइसेंस सहित मात्रा को चेक किया गया। वहीं बीजों के रेट सूची को भी चिपकाने के लिए निर्देश दिये गए। इस दौरान हनुमना एसडीएम राजेश मेहता सहित कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी विकास द्विवेदी सहित कई टीम शामिल रहे।खाद बीज दुकान के संचालकों को नोटिस दिया गया है जिसमें सही दाम में खाद बीज को बेचने सहित लाइसेंस चेक करते हुए रेट सूची चिपकाने की भी निर्देश दिया गया है। वहीं कई दुकान संचालकों को नोटिस भी दिया गया है।

### जिला पंचायत की बैठक आज

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 जून को दोपहर दो बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण की तैयारी पंचायत निधि के उपयोग, जल जीवन मिशन के कार्यों, कृषि आदान तथा आयुष्मान योजना की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के कर्मचारियों को तीसरा और चौथा समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

# आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें: निगम आयुक्त

**नगर निगम रीवा में बाढ़ प्रभावित लो लाइन क्षेत्रों के संबंध में निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा जोनल अधिकारियों/स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ दिनांक 26.06.2024 को भ्रमण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये गये।**





रीवा।

जिनमें बिछिया नदी के जल भरॉव क्षेत्र जिनमें रानीतालाब, सिन्धीं कालोनी, अशोक नगर, पचमठा, घोघर आदि क्षेत्रों में वर्षा के दौरान बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो इस हेतु लांग टर्म समाधान की कार्ययोजना जल्द तैयार की जाय। नदी में जल स्तर बढ़ने पर ऐसे मोहल्ले जहॉ जल भरॉव जल्दी होता है एवं नदी से लगे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों में तत्काल पहुॅचाने एवं सूचना प्रेषित करने का तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 41, 35, 36 में भारी मात्रा में जल बहाव वाले नालो की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश दिए गए एवं बाढ़ प्रभावित नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी बडे.नाले नालियों की प्रमुख रूप से गाद/कचरा हटाते हुए सफाई कराया जाय जिससे जल निकासी सुचारू रूप से बनी रहे। प्रत्येक वार्ड प्रभारी, वार्डवार मैप तैयार कर नागरिक अधोसंरचना एवं मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। पुराने बस स्टैण्ड का स्थल निरीक्षण कर श्रमिकों/यात्रियों को ठहरने के लिए आश्रय स्थल का प्रस्ताव तैयार कराया जाय एवं ट्राफिक कंन्जेशन निर्मित न हो ऐसा वर्कप्लान तैयार किया जाय साथ ही नगर निगम क्षेत्र की सभी दुकानो में आवश्यक रूप से डस्टबिन रखवाया जाय एवं डस्टबिन न पाये जाने पर स्पाट फाईन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) म.प्र.





**रीवा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) म.प्र. की कार्यकर्ताओं ने अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर विवेकानन्द पार्क से एक रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रीवा को प्रदेश के मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री के साथ ही आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा। रैली का नेतृत्व सीटू महासचिव सौरभ मिश्रा, सहायक महासचिव, विनय शंकर मुफलिश, फूलवसी नामदेव, महासचिव रामवती सिंह, सुनीता मिश्रा, मालती रावत, श्वेता सिंह, कमला तिवारी, कुसुम तिवारी, पूजा तिवारी, ममता, रजिया खांन, शकुन्तला, ममता मिश्रा, मिथलेश ने किया। ज्ञापन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) ने मांग किया है कि नेटवर्क की परेशानी के चलते संपर्क एप तत्काल बंद किया जाए, सरकारी स्कूलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के प्रवेश में रोक लगाते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों में ही के.जी.-1 एवं के.जी.2 के बच्चों को शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था की जाए, सहायिका से कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति में उम्र का प्रावधान समाप्त किया जाय एवं पूर्व के आदेशों की तरह पदोन्नति की जाय, अन्य राज्यों की भांति मध्य प्रदेश में भी मिनी कार्यकर्ता को फुल कार्यकर्ता बनाया जाय, ग्रेच्युटी का लाभ सेवानिवृत्त हुए सभी आंगनवाड़ी कर्मियों को दिया जाए, आंगनवाड़ी कर्मियों को अप्रेल 2024 से लागू मानदेय वृद्धि का तत्काल एरियर सहित भुगतान कराया जाय, आंगनवाड़ी कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर सेवानिवृत्ति लाभ की राशि उनके अंतिम मानदेय के साथ भुगतान की जाय, आंगनवाड़ी कर्मियों की सेवाकाल में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की राशि मृत्यु उपरांत परिवार को सहायता राशि के रूप में दी जाय, आंगनवाड़ी भवन का किराया बढ़ी हुई दरों पर भुगतान किया जाय, आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण ट्रैकर में 100 प्रतिशत उपस्थित मांगी जाती है संख्याबल की कम स्थिति में वास्तविक संख्या को पोषण टैकर में दर्ज करने की अनुमति दी जाय, टेक होम राशन परिवहन का तत्काल भुगतान कराया जाय, पोषण आहार वितरण के आरोप में आंगनवाड़ी कर्मियों की मानदेय कटौती की जाती है जिसे बंद किया जाय, आंगनवाड़ी भवनो में पानी, लाइट, पंखे आदि की व्यवस्था की जाय। स्कूलों में शीतकालीन अवकाश एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूलों से सांझा चूल्हा से प्राप्त होने वाला भोजन आंगनवाड़ियों में प्राप्त नहीं होता अतः स्कूलों की छुट्टी होने पर भी आंगनवाड़ी के बच्चों को भोजन दिलाया जाय, आंगनवाड़ी कर्मियों को किसी भी मीटिंग व ट्रेनिंग में जाने आने के लिए टी.ए.डी.ए.दिया जाय, उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार आंगनवाड़ी कर्मियों से अन्य विभागों का कार्य न लिया जाए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए उम्र का प्रावधान खत्म किया जाय तथा सभी को परीक्षा देने की अनुमति दी जाए। रैली में आंगनवाड़ी वहनों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

रीवा

जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा।

उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

### नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा

# लगातार अतिक्रमण पर कार्यवाही

रीवा।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 26.06.2024 को वार्ड 10 में अल्प आय वर्ग सोसाइटी की सड़क पर बीएल तिवारी द्वारा रोड पटरी में निर्माण कार्य हेतु गिटटी गिरवाकर रोड ब्लाक कर दिया गया था, जिससे मोहल्लावासियों के आवागमन में असुविधा हो रही थी। मोहल्लावासियों द्वारा शिकायत किये जाने पर अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा तत्काल गिटटी को हटवाया गया एवं संबंधित के ऊपर रू. 5000 की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही कहा गया कि दुबारा पुनरावृत्ति होने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। जय स्तंभ से हास्पिटल चौराहा, धोबिया टंकी तक एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर



किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने 8 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 8 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीएम हेल्पलाइन की मई माह की रैंकिंग में स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, वित्त विभाग, खनिज विभाग, श्रम विभाग तथा योजना एवं सांख्यिकी विभाग की रैंकिंग डी श्रेणी में है। कलेक्टर ने इस संबंध में कहा है कि अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने के कारण रैंकिंग में गिरावट आई। संबंधित सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करके कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक उत्तर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समय सीमा में निर्देशों का पालन न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय निगम को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मनोज द्विवेदी, जिला खनिज अधिकारी श्रीमती दीपमाला तिवारी, प्रभारी जिला श्रम अधिकारी आशुतोष सिंह तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी आरके कछवाह को कारण बताओ नोटिस दिया है।

### समाधान एक दिन योजना के लिए प्राधिकृत अधिकारी तैनात

आमजनता के आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण करने तथा वांछित सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने के लिए समाधान एक दिन योजना लागू है। इस योजना में आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए रोस्टर के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी लोक सेवा केन्द्रों में तैनात किए गए हैं। इनके साथ-साथ लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा ग्रामीण लोक सेवा केन्द्र में सोमवार को नायब तहसीलदार बनकुइयाँ, मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा, बुधवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, गुरूवार को बीआरसी रीवा, शुक्रवार को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी तथा शनिवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि रीवा शहरी लोक सेवा केन्द्र में सोमवार को सहायक आपूर्ति अधिकारी, मंगलवार को श्रम अधिकारी, बुधवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना क्रमांक-2, गुरूवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी, शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम तथा शनिवार को जिला प्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। रायपुर कर्चुलियान लोक सेवा केन्द्र के लिए सोमवार को नायब तहसीलदार मनिकवार, मंगलवार को सीईओ रायपुर कर्चुलियान, बुधवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, गुरूवार को बीआरसी रायपुर कर्चुलियान, शुक्रवार को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी तथा शनिवार को बीईओ रायपुर कर्चुलियान को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

# कलेक्टर मऊगंज ने राजस्व, जनपद एवं नगर परिषद अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**राजस्व निरीक्षक पटवारी सचिव रोजगार सहायक अपने निर्धारित कार्य स्थान में प्रत्येक दिन उपलब्ध रहें - कलेक्टर**



**मऊगंज।** मानसून को देखते हुए कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा 25 जून मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे जिले के हनुमना, नईगढ़ी, मऊगंज के सभी राजस्व अधिकारियों, जनपद सीईओ तथा नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक ली।एवं निर्देश दिए गए की बारिश के मौसम में यथा संभव स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा निर्देश दिए गए की आवश्यकता अनुसार बावली, कुआ में लाल दवा ब्लीचिंग पाउडर जैसी आवश्यक दवाई डाली जाए। उन्होंने कहा कि मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिसके अंतर्गत लोगों को जागरूक किया जाए कि घर के आसपास स्थाई रूप से भरे हुए पानी को खत्म किया जाए। घरों में पुराने बर्तन, मटके, टायर, कूलर आदि के एकत्रित पानी को हटा दिया जाए क्योंकि इसमें मलेरिया आदि के मच्छर उत्पन्न होते हैं। आयोजित बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा निर्देश दिए गए की मच्छरों से बचाव हेतु लगातार फागिंग मशीन से फागिंग किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार सतर्कता बरती जाए तथा कहीं पर भी उल्टी दस्त फैलने की घटना की जानकारी लगते ही फौरन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए । उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। साथ ही बारिश के दौरान होने वाली प्राकृतिक घटनाओं से हुए नुकसान तथा ओलावृष्टि से जन हानि,बिजली गिरने से लगी आग, सर्पदंश आदि की घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़कों पर गोवंशो के बैठने से दुर्घटना की संभावना होती है। तथा सड़क से एक गोवंश घर लाना है अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया जाए तथा सहभागिता ली जाए । कलेक्टर श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि जिले में समस्त राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक अपने निर्धारित कार्य स्थान में प्रत्येक दिन उपलब्ध रहे।जिनकी उपस्थिति ली जाएगी। आयोजित बैठक दौरान अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, मऊगंज एसडीएम बीके पांडेय, हनुमना एसडीएम राजेश मेहता सहित जिले के सभी तहसीलों के तहसीलदार, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहे।

# हनुमना बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान 18 वाहनों पर की गई चलानी कार्यवाही



मऊगंज।

जिले में एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा के द्वारा इन दिनों लगातार की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। यातायात व्यवस्था बे पटरी होती जा रही थी जिसे यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा सजकता दिखाते हुए नियमित रूप से चेकिंग जारी कर दी है जहां यातायात व्यवस्थाओं में सुधार भी देखा जा रहा है लेकिन अभी भी चोरी छुपे कुछ मोटर मालिक के द्वारा अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं। वही यातायात थाना प्रभारी के द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। यातायात थाना प्रभारी द्वारा एक मैक्स गाड़ी जो बिना परमिट ओवर सवारी लोड कर दौड़ रही थी उसे पर कार्यवाही करते हुए हनुमाना थाना को सुपुर्द किए हैं। वही 18 अन्य गाड़ियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए9100 का राजस्व वसूला गया। इस समय लोग गाड़ी का बीमा और हेलमेट लगाने में तत्परता दिखाने लगे हैं फिर भी कुछ लोग अभी भी लापरवाही कर रहे हैं अगर यातायात थाना प्रभारी के द्वारा गहन चेकिंग जारी रही तो जल्द ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त दिखेगी।